राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग
नासिन कॉम्पलैक्स, सैक्टर–29, फरीदाबाद–121008

NATIONAL ACADEMY OF CUSTOMS, INDIRECT TAXES & NARCOTICS
Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue
NACIN Complex, Sector-29, Faridabad-121008
ई–मेल / E-mail : dg.nacen-cbec@nic.in
फोन / Telephone : 0129-2504652-54
फैक्स / Fax : 0129-2504632

फा.सं. ।।(11)120/2019- नासिन /5405 दिनांक-24 .10.2019

महोदया/महोदय,

विषय: 22 नवम्बर, 2019 को सी.बी.आई.सी. के ग्रुप 'क' अधिकारियों के लिए नासिन, फरीदाबाद में "राजभाषा हिन्दी के अधिकारिक उपयोग" पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला- से संबंधित।

राष्ट्रीय सीमाशुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी (नासिन), फरीदाबाद के द्वारा सी.बी.आई.सी. के ग्रुप 'क' अधिकारियों के लिए राजभाषा हिन्दी के आधिकारिक उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को आयोजित की जा रही है।

2. इसलिए यह अनुरोध किया जाता है कि सी.बी.आई.सी. के उपयुक्त ग्रुप 'क' अधिकारियों को इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने के लिए नामांकित किया जाए।

3. नामांकन कृपया ई-मेल द्वारा श्री अजय कुमार अरोरा, उप-निदेशक, नासिन, फरीदाबाद को दिनांक 18 नवम्बर, 2019 तक ई-मेल **nomination.istnacin@gmail.com** पर भिजवा दिए जाएं। नामांकित अधिकारियों के एम्प्लॉयी आइ.डी, दूरभाष/ मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल पते भी नामांकन पत्रों में दिए जाएं ताकि सुविधानुसार उनसे सम्पर्क/सम्प्रेषण किया जा सके तथा डेटा बेस (Data Base) तैयार किया जा सके ।

4. यह निवदेन किया जाता है कि (कागज के व्यर्थ व्यय को रोकने हेतु) कृपया नामांकन की कागजी प्रति (हार्ड कॉपी) अलग से इस कार्यालय में प्रेषित न की जाए।

5. कृपया यह सुनिश्चित करें कि जिस अधिकारी को नामांकित किया जाए वह प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नासिन फरीदाबाद को रिपार्ट करे। अंतिम क्षणों में नामांकनों को रद्द करने/वापस लेने से प्रशासनिक तथा वित्तीय समस्याएं होती है।

6. यह भी उल्लेखित किया जाता है कि जो प्रतिभागी परिसर (कैंपस) में ठहरना चाहते हैं उनके लिए सीमित हॉस्टल/ छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। प्रतिभागियों के लिए हॉस्टल एवं मैस प्रभार के लिए (कुल मिलाकर) लगभग 400रू/दिन होंगे इसमें कमरे का किराया 100रू, जलपान + सुबह की चाय 100रू, रात्रिभोज 200रू शामिल हैं। 250रू दोपहर के भोजन और चाय/स्नैक्स (दिन में दो बार) हेतु पंजीकरण के समय सभी प्रतिभागियों को अलग से देने होंगे। प्रतिभागी यदि कैंपस के छात्रावास में ठहरना चाहते हैं तो इसके लिए अनुरोध संयुक्त-निदेशक (प्रशासन), नासिन को ई-मेल nacengangotri@gmail.com पर सीधा भेजा जाए।

7. यदि प्रतिभागी पास के होटल में ठहरना चाहते हैं तो वे होटल की जानकारी ई-मेल nacengangotri@gmail.com पर ई-मेल भेजकर ले सकते हैं। लेकिन बुकिंग (Booking) प्रतियोगियों को स्वंय करनी होगी।

8. नामांकित अधिकारियों को कृपया प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने हेतु अनिवार्य रूप से दिनांक 22.10.2019 को प्रात: 09:30 बजे सेक्टर-29, नजदीक पुलिस लाइन, फरीदाबाद स्थित अकादमी पर रिपोर्ट करने हेतु निर्देशित किया जाए। नजदीकी मेट्रो स्टेशन वायलेट लाइन पर सेक्टर-28 है। चूंकि समापन समारोह दिनांक 22.10.2019 को शाम 06:00 बजे तक जारी रह सकता है, अत: अधिकारियों को अपनी वापसी की यात्रा को तदनुसार ही तय करने हेतु सलाह दी जाती है।

भवदीय,

राजेश 24/10/19

(राजेश कुमार)
संयुक्त-निदेशक

1. प्रधान मुख्य आयुक्त/ मुख्य आयुक्त सीमा शुल्क (सभी)
2. प्रधान मुख्य आयुक्त/ मुख्य आयुक्त, सी.जी.एस.टी. एवं उत्पाद शुल्क (सभी)
3. सी.बी.आई.सी. के अधीन सभी महानिदेशालयों के प्रधान महानिदेशक/ महानिदेशक
4. मुख्य विभागीय प्रतिनिधि, सेसटैट, नई दिल्ली
5. प्रधान आयुक्त/ आयुक्त सीमा शुल्क (सभी)
6. प्रधान आयुक्त/ आयुक्त सी.जी.एस.टी. एवं उत्पाद शुल्क (सभी)
7. प्रधान आयुक्त/ आयुक्त लेखा परीक्षा आयुक्तालय (सभी)
8. सी.बी.आई.सी. एवं नासिन वेबसाइट